**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Regarding construction of road on bank of river Ganga in Phulpur Parliamentary Constituency.

**श्री नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल (फूलपुर):** मेरे संसदीय क्षेत्र फूलपुर में इलाहाबाद से बनारस रोड सावन के महीने में काँवर यात्रा के लिए बंद कर दी जाती है, जिससे जनता एवं व्यापारियों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। कभी-कभी काँवरियों को सड़क दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। काँवरिये असंयमित हो जाते हैं। इलाहाबाद से हंडिया तक के किसानों और व्यापारियों का व्यापार एक महीने जैसे खाद, बीज, ईंट भट्ठे वाले, मिट्टी, बालू, ट्रक द्वारा माल ढुलाई और आवश्यकता की वस्तुएं व्यापारियों तक नहीं पहुँच पाती है।

हम माँग करते हैं कि गंगा किनारे से रेलवे ट्रैक जाता है, उस पर जमीन भी उपलब्ध है। उसके किनारे अगर सड़क बना दी जाए, जिससे काँवरियों को दुर्घटना से भी बचाया जा सकता है और अम जनता को भी असुविधा नहीं होगी। जैसाकि पश्चिम उ.प्र. में गंग नहर के दोनों किनारों पर काँवरियों के लिए सिंचाई विभाग के द्वारा रोड बनाई गई है। इससे काँवरियों को दिक्कत नहीं होगी और आम जनता, किसानों और व्यापारियों को भी कोई असुविधा नहीं होगी।